आरोप — अधिकारियों की अनदेखी से ठेकेदार कर रहा मनमानी, स्थानीय लोगों ने तय मापदंडों के विपरीत कार्य का लगाया आरोप

# करोड़ों के निर्माण कार्यों में लीपापोती, थोड़ा सा वजन भी नहीं सहन कर पाया अर्थवर्क

**जिम्मेदार अधिकारियों की अनुपस्थिति में चल रहा परासिया रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर दो का निर्माण कार्य**






नवभारत न्यूज

**परासिया, 20 अगस्त, परासिया रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर दो के निर्माण कार्य में गुणवत्ता को लेकर सवाल खड़े होने लगे हैं। करोड़ों रुपये की लागत से चल रहे निर्माण कार्य में जिम्मेदार अधिकारियों की कथित अनुपस्थिति के बीच ठेकेदार द्वारा मनमाने तरीके से कार्य किए जाने का आरोप स्थानीय लोगों ने लगाया है।**

स्थानीय लोगों का कहना है कि प्लेटफॉर्म निर्माण के लिए किए जा रहे अर्थवर्क में निर्धारित मापदंडों का पालन नहीं किया जा रहा है। निर्माण स्थल पर अर्थवर्क की मजबूती जांचने के दौरान मामूली वजन का दबाव भी कार्य की गुणवत्ता पर सवाल खड़े करता नजर आया। इससे लोगों ने निर्माण कार्य में इस्तेमाल की जा रही सामग्री और उसकी गुणवत्ता को लेकर चिंता जताई है। लोगों के अनुसार, रेलवे जैसे महत्वपूर्ण सार्वजनिक संस्थान के निर्माण कार्य में गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता भविष्य में यात्रियों की सुरक्षा के लिए गंभीर समस्या बन सकता है। निर्माण कार्य की निगरानी के लिए जिम्मेदार अधिकारियों की नियमित मौजूदगी और तकनीकी मानकों के अनुसार कार्य की जांच आवश्यक है। स्थानीय नागरिकों ने रेलवे के वरिष्ठ अधिकारियों से मांग की है कि प्लेटफॉर्म नंबर दो के निर्माण कार्य की मौके पर पहुंचकर जांच कराई जाए। साथ ही अर्थवर्क एवं अन्य निर्माण सामग्री की गुणवत्ता की तकनीकी जांच कराकर यदि अनियमितता सामने आती है तो संबंधित ठेकेदार के विरुद्ध कार्रवाई की जाए। अब देखना होगा कि करोड़ों रुपये के इस निर्माण कार्य को लेकर उठ रहे सवालों पर रेलवे प्रशासन क्या कदम उठाता है और निर्माण की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा कितनी गंभीरता दिखाई जाती है।

# परासिया बायपास में देह व्यापार की चर्चा, क्षेत्र में बना चिंता का विषय

नवभारत न्यूज

**परासिया, 20 अगस्त, परासिया बायपास क्षेत्र में कथित रूप से देह व्यापार जैसी गतिविधियां संचालित होने की चर्चाओं ने क्षेत्र में चिंता का माहौल पैदा कर दिया है। बायपास क्षेत्र में आने-जाने वाले लोगों के बीच इन गतिविधियों को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं सामने आ रही हैं।**

स्थानीय लोगों का कहना है कि क्षेत्र में कुछ संदिग्ध गतिविधियों पर लंबे समय से नजर रखी जा रही है। लोगों ने पुलिस प्रशासन से मामले की गंभीरता से जांच कर वास्तविक स्थिति सामने लाने की मांग की है। नागरिकों का कहना है कि यदि क्षेत्र में इस प्रकार की गतिविधियां संचालित हो रही हैं तो पुलिस को निगरानी बढ़ाकर संबंधित लोगों के खिलाफ कार्रवाई करनी चाहिए।

हालांकि, फिलहाल परासिया बायपास क्षेत्र में देह व्यापार संचालित होने की कोई आधिकारिक पुष्टि सामने नहीं आई है। ऐसे में पुलिस जांच के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। क्षेत्रवासियों ने बायपास में नियमित पुलिस गश्त बढ़ाने और संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने की मांग की है।

गौरतलब है कि हाल ही में छिंदवाड़ा देहात थाना पुलिस ने हनीट्रैप के एक मामले का खुलासा किया था। इस मामले में परासिया क्षेत्र से जुड़े युवक-युवतियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किए जाने की जानकारी सामने आई थी। इसके बाद से क्षेत्र में इस तरह की गतिविधियों को लेकर चर्चाएं और तेज हो गई हैं।

# सनब्राइट स्कूल में हर्षोल्लास से मनाया गया ग्रीन डे सेलिब्रेशन



नवभारत न्यूज

**परासिया, 20 अगस्त, सनब्राइट स्कूल, झुर्रे में गुरुवार को ग्रीन डे सेलिब्रेशन हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के दौरान नन्हे-मुन्ने बच्चे हरे रंग के आकर्षक परिधानों में सजकर पहुंचे और प्रकृति एवं हरियाली के प्रति अपने प्रेम को व्यक्त किया।**

इस अवसर पर बच्चों ने विभिन्न रचनात्मक एवं मनोरंजक गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण, पेड़-पौधों के महत्व तथा प्रकृति को सुरक्षित रखने के प्रति जागरूक किया गया। बच्चों की प्यारी मुस्कान, उत्साह और रचनात्मक प्रस्तुतियों ने पूरे कार्यक्रम को यादगार बना दिया। कार्यक्रम में शिक्षकगण धर्मचंद याहके, अफसा हुसैन, फातिमा खातून, नीलम सिंह, मिंका गिरी, निशा धाकड़िया एवं मिंट्टी नागवंशी का विशेष सहयोग एवं मार्गदर्शन रहा।

# शांति और सद्भाव के साथ मनाया जाएगा रक्षाबंधन, भुजलिया और ईद मिलादुन्नबी का पर्व

नवभारत न्यूज

**परासिया, 20 अगस्त, भाई-बहन के पवित्र रिश्ते और सामाजिक सद्भाव का पर्व रक्षाबंधन, भुजलिया एवं ईद मिलादुन्नबी का पर्व परासिया क्षेत्र में शांति और सद्भाव के साथ मनाया जाएगा। पर्वों को लेकर गुरुवार को परासिया अनुविभाग के परासिया एवं चांदामेटा में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में एसडीएम शुभम कुमार यादव और एसडीओपी जितेंद्र सिंह जाट की उपस्थिति में नगर के जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य नागरिकों ने सहभागिता की।**



बैठक में प्रशासन ने पर्वों के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने तथा आपसी भाईचारा कायम रखने की अपील की। प्रशासन की ओर से डीजे बजाने पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि प्रतिबंध का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। पुलिस प्रशासन द्वारा पर्वों के दौरान असामाजिक तत्वों एवं संदिग्ध गतिविधियों पर विशेष नजर रखने की बात कही गई। वहीं, शांति समिति के सदस्यों से भी किसी प्रकार की अफवाह पर ध्यान नहीं देने तथा किसी भी अप्रिय स्थिति की जानकारी तत्काल पुलिस एवं प्रशासन को देने की अपील की गई।

**डीजे पर प्रशासन ने लगाया प्रतिबंध, असामाजिक तत्वों पर रहेगी पुलिस की पैनी नजर**

बैठक में उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों ने पर्वों को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने के लिए प्रशासन को सहयोग देने का भरोसा दिलाया। आयोजित बैठक में थाना प्रभारी ईश्वरीचंद पटले, खेलचंद पटले, सीएमओ योगेश बट्टी, नप अध्यक्ष गोविंद बाजोलिया, बल्लू नागी,हरिश्चंद्र अग्रवाल, अकबर खान, नरेन्द्र विश्वकर्मा, सज्जू तिवारी, ब्रजकुमारी सरयाम, राजेश दुबे, अमजद खान, तबरेज खान, राकेश शर्मा, खालिक भाई, वीर बहादुर सिंह सहित वार्ड पार्षद उपस्थित रहे।

# दमुआ कॉलेज में वृक्षारोपण के साथ विद्यार्थियों ने दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश




नवभारत न्यूज

**दमुआ, 20 अगस्त, पर्यावरण संरक्षण एवं विद्यार्थियों में प्रकृति के प्रति जागरूकता विकसित करने के उद्देश्य से शासकीय महाविद्यालय दमुआ में प्राचार्य श्रीमती रश्मि दास के मार्गदर्शन में एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अंतर्गत मुख्य कार्यक्रम के रूप में वृक्षारोपण किया गया।**

कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। तत्पश्चात विद्या की देवी माँ सरस्वती के छायाचित्र पर तिलक एवं पुष्प अर्पित किए गए। कार्यक्रम का मंच संचालन दिनेश इबनाती द्वारा किया गया। वृक्षारोपण कार्यक्रम में उप तहसील दमुआ के तहसीलदार धनराज पवार, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती किरण खातरकर, मुख्य नगर पालिका अधिकारी अजय ठाकरे, पश्चिम वन मंडल दमुआ के रेंजर धर्मेंद्र शर्मा, स्वास्थ्य केंद्र दमुआ की डॉ. अवनि गुप्ता, सेवानिवृत्त चिकित्सक डॉ. आर.के. विश्वकर्मा, पूर्व जनभागीदारी समिति अध्यक्ष दिलीप गोह सहित अन्य उपस्थित थे।

# अंधेरे में रहने को मजबूर बिछुआ के ग्राम डोकली खुर्द के ग्रामीण, की शिकायत

नवभारत न्यूज

**बिछुआ, 20 अगस्त, बिछुआ आदिवासी विकासखंड की जनपद पंचायत बिछुआ के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत खैरिमाली का एक अजीबो गरीब कारनामा सामने आया है। यहां के आश्रित ग्राम डोकली खुर्द के ग्रामीण पिछले लंबे समय से अंधेरे में रहने को मजबूर हैं। वहीं दूसरी ओर पंचायत प्रशासन ने गांव की गलियों को रोशन करने के बजाय एक निजी खेत के बीचों-बीच करीब पांच लाख रुपये की लागत से हाईमास्ट/स्ट्रीट लाइट लगा दी है।**

इस मामले के उजागर होने के बाद ग्रामीणों में भारी आक्रोश है और पंचायत जनप्रतिनिधियों सहित अधिकारियों पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लग रहे हैं। डोकली खुर्द गांव की अंदरूनी गलियों में बुनियादी बिजली और स्ट्रीट लाइट की भारी कमी है। रात्रि के समय ग्रामीणों को जहरीले जीव-जंतुओं के साए में सफर करना पड़ता है। शासकीय राशि का दुरुपयोग करते हुए पांच लाख रुपये की भारी-भरकम राशि से स्ट्रीट लाइट को एक रसूखदार के खेत में स्थापित कर दिया गया जहां दूर-दूर तक कोई आबादी नहीं है। ग्रामीणों का सीधा आरोप है कि सरपंच, सचिव और आपसी सांठगांठ कर इस फर्जीवाड़े को अंजाम दिया है और सरकारी बजट को ठिकाने लगाया है। मामले को लेकर डोकली खुर्द के स्थानीय निवासियों ने जिला प्रशासन और वरिष्ठ अधिकारियों से शिकायत की है। ग्रामीणों का कहना है कि जहां एक तरफ जनता की मूलभूत सुविधाओं के लिए बजट का रोना रोया जाता है, वहीं दूसरी तरफ इस तरह की फिजूलखर्ची और भ्रष्टाचार साफ तौर पर दिखाई दे रहा है।

# राजीव गांधी की 82वीं जयंती सद्भावना दिवस के रूप में मनाई

नवभारत न्यूज

**मोहखेड़, 20 अगस्त, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मोहखेड़ द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री, संचार क्रांति के जनक एवं आधुनिक भारत के निर्माता राजीव गांधी की 82वीं जयंती सद्भावना दिवस के रूप में मनाई गई।**

ब्लॉक कांग्रेस कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में उनके छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। इस दौरान कांग्रेसजनों ने राजीव गांधी के योगदान और पंचायती राज, युवाओं तथा संचार क्षेत्र में किए गए कार्यों को याद किया।

कार्यक्रम में ब्लॉक अध्यक्ष रघुवीर मोहने, समन्वयक कमलाकर ठाकरे, कार्यवाहक अध्यक्ष विजय गावंडे, प्रवक्ता फैयाज खान, सूरज सोनघरे, राजू बाडिवा, मिलिंद घोगरे, कैलाश डोंगरे, सार्थक कोलारे, बापू हांडे, अब्दुल्ला खान, अभिनाश काकोडिया, नारायण साहू, सत्येन्द्र अहिरवार, राहुल सहारे, सौरभ पाटिल, सोनू अंशारी, गुलाब राजपूत, अज्जू पवार, अशोक कहार, राकेश चौरसिया एवं विजय भाई सहित कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# ग्राम सभा में जनहित के मुद्दों पर हुआ मंथन, विकास कार्यों को लेकर चर्चा

नवभारत न्यूज

**मछेरा/मोहखेड़, 20 अगस्त, ग्राम पंचायत भवन मछेरा में आयोजित ग्राम सभा की बैठक में ग्राम के विकास एवं जनहित से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में ग्रामीणों की समस्याओं को प्राथमिकता से उठाते हुए उनके निराकरण के लिए आवश्यक कदम उठाने पर जोर दिया गया।**



ग्राम सभा में बिजली व्यवस्था, सड़क निर्माण एवं मरम्मत, प्रधानमंत्री आवास योजना, विद्यालय की मरम्मत, पेंशन, जल जीवन मिशन, स्वच्छता व्यवस्था सहित गांव की अन्य मूलभूत आवश्यकताओं और विकास कार्यों को लेकर चर्चा हुई। ग्रामीणों ने अपने-अपने क्षेत्र से जुड़ी समस्याएं सामने रखीं, जिस पर संबंधित विषयों में आवश्यक कार्रवाई एवं समाधान के लिए प्रयास करने की बात कही गई। बैठक में ग्राम के विकास कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर आगे बढ़ाने, शासन की योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाने तथा ग्रामीणों की समस्याओं का समय पर निराकरण सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया। ग्राम सभा में जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने गांव के समग्र विकास के लिए आपसी समन्वय के साथ कार्य करने की बात कही।

# बिछुआ तहसील कार्यालय से वासुदेव शेरके का अटैचमेंट समाप्त

## मूल पदस्थापना स्थल तुमडागढ़ी भेजे गए

नवभारत न्यूज

**बिछुआ, 20 अगस्त, बिछुआ आदिवासी विकासखंड में जनजातीय कार्य विभाग ने प्रशासनिक व्यवस्था में सुधार करते हुए बिछुआ तहसील कार्यालय में अटैचमेंट पर कार्यरत कर्मचारी वासुदेव शेरके का अटैचमेंट तत्काल प्रभाव से समाप्त कर दिया है।**

इस संबंध में सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग द्वारा आधिकारिक आदेश जारी कर दिए गए हैं। जारी आदेश के अनुसार वासुदेव शेरके को उनके मूल पद पर वापस भेजते हुए शासकीय हाई स्कूल तुमडागढ़ी में पदस्थ किया गया है। आदेश में स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं। कि वासुदेव शेरके बिछुआ तहसील कार्यालय से तत्काल कार्यमुक्त होकर अपने मूल पदस्थापना स्थल तुमडागढ़ी में उपस्थिति दर्ज कराएं। विभागीय सूत्रों के अनुसार शिक्षा विभाग और जनजातीय कार्य विभाग से जुड़े कर्मचारियों को गैर-शैक्षणिक कार्यों से हटाकर वापस मूल विभागों में भेजने की यह कार्रवाई शैक्षणिक व्यवस्था को सुचारू और सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से की गई है।

# ग्राम पंचायत कर्मचारियों ने उठाई आवाज, न्यूनतम वेतन और नियमितीकरण की मांग को लेकर नायब तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

नवभारत न्यूज

**बटकाखापा, 20 अगस्त, ग्राम पंचायत कर्मचारियो ने उठाई आवाज न्यूनतम वेतन और नियमितीकरण की मांग को लेकर नायब तहसीलदार बटकाखापा को सोपा ज्ञापन ऑल डिपार्टमेंट आउटसोर्स, अस्थाई, अंशकालीन एवं ग्राम पंचायत कर्मचारी संयुक्त मोर्चा, मध्यप्रदेश ने ग्राम पंचायतों में कार्यरत चौकीदार, भृत्य, पंप ऑपरेटर एवं सफाईकर्मियों सहित अन्य कर्मचारियों की समस्याओं को लेकर शासन से विभिन्न मांगें उठाई हैं।**




इस संबंध में मोर्चा की ओर से पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग को ज्ञापन सौंपकर कर्मचारियों को शासन द्वारा निर्धारित न्यूनतम वेतन दिलाने तथा पंचायत विभाग में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी का दर्जा दिए जाने की मांग की गई है। ज्ञापन में कहा गया है कि प्रदेश की 600 से अधिक जनसंख्या वाली करीब 23 हजार ग्राम पंचायतों में बड़ी संख्या में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी वर्षों से सेवाएं दे रहे हैं। इनमें चौकीदार, भृत्य, पंप ऑपरेटर एवं सफाईकर्मी शामिल हैं। कर्मचारियों का कहना है कि वे लंबे समय से ग्राम पंचायतों में कार्य कर रहे हैं, लेकिन उनकी आर्थिक स्थिति बेहद कमजोर है। मोर्चा का कहना है कि ग्राम पंचायतों में कार्यरत कर्मचारी गांवों में जल योजना के सफल संचालन सहित पंचायत के विभिन्न महत्वपूर्ण कार्यों में सहयोग करते हैं। इसके बावजूद कई कर्मचारियों को बेहद कम मानदेय मिल रहा है। ज्ञापन में कहा गया है कि कर्मचारियों को मिलने वाली राशि से परिवार का पालन-पोषण करना मुश्किल हो रहा है।


## ICAR-National Research Centre for Grapes
Manjiri Farm, P. B. No 3, Solapur Rd, Pune, Maharashtra 412308

### Invitation for Bids

**Tender ID :** 2026_DAREA_922818_1
**Date:** 19 August 2026
**Loan No. and Title:** Loan 4411-IND/ Building India's Clean Plant Program
**Contract No. and Title:** CPC1-CW02/ Construction of office building and laboratory at CPC1-Grapes, Pune
**Deadline for Submission of Bids:** 21 September 2026

1. The Government of India has received financing from the Asian Development Bank (ADB) toward the cost of Building India's Clean Plant Program. Part of this financing will be used for payments under the Contract named above. Bidding is open to Bidders from eligible source countries of ADB.
2. The Principal Scientist (Plant Pathology), ICAR- National Research Centre for Grapes, Pune ("the Employer") invites sealed bids from eligible Bidders for the Construction of office building and laboratory at CPC1-Grapes, Pune ("the Works")."
3. Open competitive bidding will be conducted in accordance with ADB's Single-Stage: Two-Envelope bidding procedure and is open to all Bidders from eligible countries as described in the Bidding Document.
4. Only eligible Bidders with the following key qualifications defined in the Bidding Document may participate in this bidding:
   - Minimum average annual turnover of **INR 373 million (USD 3.9 m)** within the last three (3) years;
   - Participation as a contractor, JV partner, or Subcontractor in **at least one (1) contract ≥ INR 224 million (USD 2.4M), OR at least two (2) contracts each ≥ INR 140 million (USD 1.5M),** satisfactorily completed within the last five (5) years.

   For the complete eligibility and qualification requirements, Bidders should refer to the Bidding Document.
5. To obtain further information and inspect the bidding documents, Bidders should contact:
   **The Principal Scientist (Plant Pathology)**
   ICAR- National Research Centre for Grapes,
   P.B. No. 3, P.O. Manjiri Farm, Solapur Road,
   Pune– 412307, Maharashtra, India
   Telephone 020 2695 6000
   Web: https://nrcgrapes.icar.gov.in/
   Email: sujoyta@gmail.com
6. To purchase the Bidding Document in English, eligible Bidders should
   - register and download the bidding documents from Employer's procurement portal https://eprocure.gov.in/eprocure/app
   - The Employer shall not be held liable for any information not received by the Bidder, and it is the Bidder's responsibility to regularly check the website for the latest information related to this invitation for bids.
   - The Bidding Documents are available for free download from the Employer's e-procurement portal. No fee is payable.
7. Deliver your bid
   - Bidders shall submit their Bids electronically only through the public procurement website https://eprocure.gov.in/eprocure/app on or before the deadline: Date: 21 September 2026 Time: 11:00 hours
   - together with a Bid Security as described in the Bidding Document

   Technical Bids will be opened publicly online on: Date: 21 September 2026, Time: 11:15 hours (IST), via the e-procurement portal https://eprocure.gov.in/eprocure/app and at: ICAR-National Research Centre for Grapes, P.B. No. 3, P.O. Manjiri Farm, Solapur Road, Pune – 412307. Price Bids will be opened at a date and time to be notified to qualifying bidders following Technical Bid evaluation.
8. This Invitation for Bid is also published on the following websites
   https://eprocure.gov.in/eprocure/app
   https://nhb.gov.in/
   https://www.nrcgrapes.in/
   https://www.adb.org/projects/57041-001/main

sd/-
Administrative Officer
ICAR-NRCG. MANJARI PUNE


तहकीकात — पांच सदस्यीय दल ने किया भौतिक सत्यापन

# इकलहरा पंचायत में कथित भ्रष्टाचार की जांच शुरू

नवभारत न्यूज

**परासिया, 20 अगस्त, जनपद पंचायत परासिया की ग्राम पंचायत इकलहरा में विभिन्न विकास कार्यों एवं पंचायत मद में कथित अनियमितताओं को लेकर की गई शिकायत के बाद जांच प्रक्रिया शुरू हो गई है। बुधवार को पांच सदस्यीय जांच दल ने पंचायत पहुंचकर शिकायत में उल्लेखित कार्यों एवं संबंधित दस्तावेजों का अवलोकन किया तथा मौके पर भौतिक सत्यापन कर पंचनामा तैयार किया।**



जानकारी के अनुसार, ग्रामीणों द्वारा 13 अगस्त 2026 को परासिया जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर पंचायत में हुए कथित भ्रष्टाचार एवं अनियमितताओं की जांच की मांग की गई थी। इस दौरान सीईओ द्वारा सात कार्यदिवस के भीतर जांच समिति गठित कर मामले की जांच कराने का आश्वासन दिया गया था। 19 अगस्त को पांच सदस्यीय दल ग्राम पंचायत इकलहरा पहुंचा और शिकायत में बताए गए विभिन्न कार्यों तथा दस्तावेजों की जांच की। शिकायतकर्ताओं के अनुसार, बिजली मद में करीब 55 से 60 लाख रुपये की अनियमितता, कचरा वाहन एवं कचरा भुगतान में गड़बड़ी, वार्ड क्रमांक 16 में करीब 15 लाख रुपये की सड़क की गुणवत्ता, 40 कूड़ेदानों की करीब 3 लाख 93 हजार रुपये की लागत के बावजूद उनके स्थापित नहीं किए जाने सहित अन्य मामलों को जांच में शामिल किया गया है। इसके अलावा दो अलमारियों की करीब 95 हजार रुपये की लागत तथा तेजस ट्रेडर्स के नाम से लगाए गए कथित फर्जी सामग्री बिलों सहित अन्य कार्यों और भुगतानों का भी समिति द्वारा अवलोकन किया गया। जांच दल ने संबंधित दस्तावेजों का परीक्षण करने के साथ मौके पर कार्यों की स्थिति का भौतिक सत्यापन कर पंचनामा तैयार किया। बताया गया है कि जांच समिति द्वारा सात कार्यदिवस के भीतर जांच पूरी कर रिपोर्ट जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत की जाएगी। इसके बाद जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई तय होगी। अब देखना होगा कि जांच में लगाए गए आरोपों की वास्तविकता क्या सामने आती है और जांच के बाद जिम्मेदार पाए जाने वाले लोगों पर नियमानुसार कार्रवाई होती है या मामला लंबित रह जाता है। ग्रामीणों ने निष्पक्ष जांच और पंचायत में हुए कार्यों की वास्तविक स्थिति सार्वजनिक किए जाने की मांग की है।